>

Title: Need to review the closure of the HMT unit at Ranibagh, district – Nainital, Uttarakhand.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : सभापति महोदय, उत्तराखंड राज्य के जिला नैनीताल में एचएमटी घड़ी बनाने के कारखाने की एक इकाई है। वह 45 करोड़ रुपये के कर्जे से लगी थी जबकि कारखाने ने आज तक 280 करोड़ रुपये का ब्याज अदा कर दिया है और मुख्यालय को 67 करोड़ रुपये का डैप्रिसिएशन दिया गया। इसके द्वारा अभी तक 620 करोड़ रुपये का कारोबार किया गया। यह बड़ा दुर्भाग्य का विषय रहा कि अभी बोर्ड ऑफ डायरैक्टर्स और भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय ने इस कारखाने को बंद करने का निर्णय लिया है जबकि यहां 600 मजदूर और उनके परिवार कामगार हैं। यह सार्वजनिक क्षेत्र का एकमात्र ऐसा उद्योग है जो उत्तराखंड में घड़ी निर्माण का कार्य कर रहा है। यह एकमात्र ऐसी फैक्ट्री है जहां अंधों के लिए ब्रेल सिस्टम पर आधारित घड़ियां बनती थीं। यह क्वार्टज घड़ी के साथ-साथ मकेनिकल घड़ियां भी बना रहे थे। यहां अभी तक नान-वॉच कम्पोनैंट्स भी बन रहे थे। इसमें मजदूरों की एवरेज एज 41 साल है जबकि बंगलौर और तुमकुर जो एचएमटी के अन्य कारखाने हैं, वहां एवरेज एज 57 साल है। यहां के सैक्रेटरी का सैलरी बिल भी सारे कारखानों में सबसे लोएस्ट था। एचएमटी के प्रैजेंट मैनेजिंग डायरैक्टर इसे चलाने के लिए तैयार हैं। जब वे इसे चलाने के लिए तैयार हैं और फैक्ट्री की मशीनरी नहीं है, तो इस पर पुनर्विचार होना चाहिए कि ऐसी फैक्ट्री जो देश हित में अंधों के लिए घड़ियां बनाती हो, उसे बंद न किया जाए। यदि इसे बंद करना आवश्यक है तो इसका मर्जर बंगलौर के साथ किया जाए। उत्तरांचल के इम्प्लाइज़ को बंगलौर के बजाए बीएचईएल जो हरिद्वार में है, उसके साथ मर्जर किया जाए। इन परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। यह उत्तराखंड का एकमात्र उद्योग है और इसे बंद न किया जाए, मैं भारत सरकार के मंत्री जी से यह मांग करना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : Now, two notices are received after 9.30 a.m. I will call you on the condition that you will finish your speech as soon as possible. If not, during the course of your speech, I will adjourn the House.

Shri Shailendra Kumar will speak now. Please be brief.[s68]